an>

Title: Need to construct new building of Kendriya Vidyalaya in Bhavnagar Parliamentary Constituency, Gujarat.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर में एक केन्द्रीय विद्यालय है। इस विद्यालय की बिल्डिंग काफी पुरानी है और वह खराब हो चुकी है। विद्यालय में अध्यापक व अन्य स्टॉफ की भी कमी है। यह विद्यालय लगभग बन्द होने की स्थिति में आ गया है। यह विद्यालय पश्चिम रेलवे की जमीन में बना है, जिसके कारण यहां पर सरकार द्वारा भवन निर्माण का कार्य नहीं करवाया जा रहा है। इससे विशेषकर गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर काफी असर पड़ रहा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इसका एक उचित समाधान करते हुए, नए भवन का निर्माण करवाते हुए, आवश्यक अध्यापकों व अन्य स्टॉफ की नियुक्ति करवाने की कृपा करें, ताकि हमारी सरकार ने शिक्षा के प्रति जो सराहनीय कदम उठाए हैं, उनका प्रत्येक परिवार को और हर वर्ग को लाभ मिल सके।